रक्षा लेखा नियंत्रक (सेना)
CONTROLLER OF DEFENCE ACCOUNTS (ARMY)
बेल्वेडियर परिसर, आयुध पथ, मेरठ छावनी - 250001
Belvedere Complex, Ayudh Path, Meerut Cantt - 250001
Email id: hindicellcda.dad@nic.in
"हर काम देश के नाम"

सं.प्रशा./हिं.क./8038/रा.भा.का.स. दिनांक: 03.04.2024

सेवा में,

राजभाषा अनुभाग
रक्षा लेखा महानियंत्रक,
उलान बटार मार्ग, पालम, दिल्ली छावनी - 110010

**विषय : रक्षा लेखा नियंत्रक (सेना), मेरठ कार्यालय की दिनांक- 15.03.2024 को आयोजित राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक के कार्यवृत का अग्रेषण ।**

************

रक्षा लेखा नियंत्रक (सेना), मेरठ कार्यालय की दिनांक- 15.03.2024 को आयोजित राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक के कार्यवृत आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित है।

नियंत्रक महोदय द्वारा अवलोकित।

**संलग्न** : यथोपरि

ह × ×
**वरिष्ठ लेखा अधिकारी (रा.भा.)**

प्रतिलिपि सेवा में,

1. उप निदेशक (राजभाषा), रक्षा मंत्रालय, (वित्त प्रभाग)
   कमरा सं- 128 एवं 130, सेना भवन, नई दिल्ली -110011
2. सूचना प्रौद्योगिकी एवं प्रणाली- III (स्थानीय)- बेबसाइट के राजभाषा कोना में अपलोड करने हेतु।
3. बैठक में उपस्थित समस्त अधिकारीगण।

**वरिष्ठ लेखा अधिकारी (रा.भा.)**

# कार्यालय, रक्षा लेखा नियंत्रक (सेना) मेरठ छावनी-250001

**विषय : रक्षा लेखा नियंत्रक (सेना) मेरठ छावनी कार्यालय की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की दिनांक: 15.03.2024 को आयोजित तिमाही बैठक के कार्यवृत्त।**

********

रक्षा लेखा नियंत्रक (सेना) मेरठ छावनी कार्यालय की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक दिनांक: 15.03.2024 को श्री तरुण कुमार जाजोरिया, भा.र.ले.से., रक्षा लेखा नियंत्रक महोदय की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में निम्नलिखित सदस्यों ने भाग लिया :-

| क्र.सं. | अधिकारी का नाम | पदनाम |
|---|---|---|
| 1. | श्री जे.सी. त्रिपाठी, भा.र.ले.से. | उप-नियंत्रक |
| 2. | श्री जसविंदर सिंह भा.र.ले.से. | उप-नियंत्रक |
| 4. | श्री प्रांजल वर्मा, भा.र.ले.से. | सहायक नियंत्रक |
| 5. | श्री मुकेश शर्मा, भा.र.ले.से. | सहायक नियंत्रक |
| 6. | श्री अखिलेश कुमार, भा.र.ले.से. | सहायक नियंत्रक |
| 7. | श्री नवीन प्रकाश | वरिष्ठ लेखा अधिकारी |
| 8. | श्री एम.के. राय | वरिष्ठ लेखा अधिकारी |
| 9. | श्री चाँदबीर सिंह | वरिष्ठ लेखा अधिकारी |
| 10. | श्री कौशल धीमान | वरिष्ठ लेखा अधिकारी |
| 11. | श्री उपेन्द्र कुमार | वरिष्ठ लेखा अधिकारी |
| 12. | श्री परेश कुमार | वरिष्ठ लेखा अधिकारी |
| 13. | श्री प्रदीप केसरवानी | वरिष्ठ लेखा अधिकारी |
| 14. | श्री मनोज कुमार वर्मा | वरिष्ठ लेखा अधिकारी |
| 15. | श्रीमती पूर्णिमा | सहायक लेखा अधिकारी |

अन्य उपस्थित सदस्य - 1. श्री आशीष कुमार सिंह, कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी
2. श्री अजय कुमार, लेखा परीक्षक

सर्वप्रथम सदस्य सचिव ने अध्यक्ष महोदय सहित सभी उपस्थित सदस्यों का राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक में स्वागत किया तत्पश्चात अध्यक्ष महोदय की अनुमति से बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ की गई ।

**मद संख्या 1:-** दिनांक 27.12.2023 को आयोजित राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि की गई।

**मद संख्या 2:-** विगत दो तिमाहियों (09/2022 एवं 12/2023) की तिमाही प्रगति रिपोर्टों के आंकड़ों की तुलनात्मक समीक्षा की गयी और समिति को अवगत कराया गया कि -

मुख्य कार्यालय में 09/2023 तिमाही में कुल (क्षेत्र 'क' एवं 'ख') 98.16% पत्राचार हिन्दी में किया गया जबकि 12/2023 की तिमाही में कुल (क्षेत्र 'क' एवं 'ख') 98.19% पत्राचार हिन्दी में किया गया। इस प्रकार इस तिमाही में 0.03% की वृद्धि हुई ।

संगठन में 09/2023 तिमाही में कुल (क्षेत्र 'क' एवं 'ख') 95.86% पत्राचार हिन्दी में किया गया जबकि 12/2023 की तिमाही में कुल (क्षेत्र 'क' एवं 'ख') 96.31% पत्राचार हिन्दी में किया गया। इस प्रकार इस तिमाही में 0.45% की वृद्धि हुई।

(कार्रवाई -संबंधित अनुभाग एवं कार्यालयों द्वारा)

**मद संख्या 03:-** <u>हिंदी कार्यशाला पर चर्चा</u>:- कार्यालय द्वारा दिनांक: 28.02.2024 को 01 दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें रक्षा लेखा नियंत्रक (सेना), मेरठ छावनी से सेवानिवृत्त सहायक निदेशक (राजभाषा), श्री कुंवर पाल सिहं द्वारा व्याख्यान दिया गया, जिसमें कुल 07 अधिकारी एवं 32 कर्मचारियों द्वारा भाग लिया गया।

(कार्रवाई - राजभाषा अनुभाग स्थानीय)

**मद संख्या 04:-** <u>हिन्दी के पदों की स्थिति:-</u> अध्यक्ष महोदय को अवगत कराया कि मुख्य कार्यालय में सहायक निदेशक (राजभाषा) का 01 पद, वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी का 01 पद, कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी का 01 पद एवं हिन्दी टंकक के 02 पद रिक्त है। इस संबंध में मुख्यालय कार्यालय से रिक्तियों को भरे जाने का आग्रह करने संबंधी पत्र प्रशासन - 01 अनुभाग को प्रेषित कर दिया गया है।

(कार्रवाई - प्रशासन-01 अनुभाग - स्थानीय)

**मद संख्या 05:-** <u>अध्यक्ष महोदय की अनुमति से कोई अन्य विषय/ आवश्यक सुझाव</u> :- बैठक के दौरान अध्यक्ष महोदय द्वारा निदेश दिया गया कि इस संगठन के अंतर्गत जिन अनुभागों व

अधीनस्थ कार्यालयों का मूल पत्राचार का प्रतिशत 90% से कम है वह सभी इसे 90% से ऊपर लाएँ एवं शेष सभी अनुभाग 100% लक्ष्य प्राप्त करने का प्रयास करें।

(कार्रवाई - समस्त अनुभाग एवं अधीनस्थ कार्यालय)

**मद संख्या 06:-** हिंदी शिक्षण योजना पर चर्चा :- जनवरी, 2024 में केंद्रीय हिंदी शिक्षण संस्थान द्वारा आयोजित हिंदी टंकण परीक्षा में इस कार्यालय के मुख्य कार्यालय से 05 एवं अधीनस्थ कार्यालयों से 34 कार्मिक शामिल हुए थें, जिनमें से मुख्य कार्यालय से 01 कार्मिक एवं अधीनस्थ कार्यालय से 06 कार्मिक उत्तीर्ण हुए है। जिसका परीक्षा परिणाम दिनांक: 28.02.2024 व 29.02.2024 को ऑनलाइन माध्यम से घोषित हुआ है।

**मद संख्या 07:-** हिंदी पुस्तकों की खरीद पर चर्चा :- राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय के वार्षिक कार्यक्रम के अनुसार हिन्दी पुस्तकों की खरीद पर किया गया व्यय पुस्तकों की खरीद की कुल व्यय का 50% होना चाहिए। इस संबंध मे प्रशा 07 -.अनुभाग (स्थानीय) को पुस्तकों की खरीद हेतु पुस्तकों की सूची प्रेषित कर दी गई है।

इसके अतिरिक्त अध्यक्ष महोदय ने निदेश दिया कि स्थानीय लेखा परीक्षा कार्यालय (सेना), नैनीताल का मूल पत्राचार का प्रतिशत लक्ष्य से काफी कम है अत: कार्यालय को अतिशीघ्र लक्ष्य प्राप्त करने के निदेश दिये जाए। इस संबंध में उक्त कार्यालय को पत्र जारी कर दिया गया है।

(कार्रवाई - स्थानीय लेखा परीक्षा कार्यालय (सेना), नैनीताल)

अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक समाप्त की गई।

अपेन्द्र कुमार

**वरिष्ठ लेखा अधिकारी (रा.भा.)**